# 2025-26 में खरीफ फ़सलों की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत बनाम एम एस पी

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2025-26 खरीफ विपणन मौसम के लिए भारत की खरीफ फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है। इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने खरीफ फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 28 मई, 2025 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं। आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आयोग ने 2023-24 में समाप्त त्रैवार्षिक अवधि के दौरान पैदावार लागत और समग्र आदान सूचकांक के देखते हुए 2025-26 खरीफ के लिए फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है।

आगामी ख़रीफ़ मौसम में धान के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 2,090 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। धान की सामान्य और ग्रेड ए किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 2,369 रुपये प्रति क्विंटल और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल है।

2025-26 खरीफ मौसम के लिए मक्का की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,953 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि इसका समर्थन मूल्य 2,400 रुपये प्रति क्विंटल है।

मोटे अनाजों में, बाजरे की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 2,209 रुपये प्रति क्विंटल के साथ सबसे कम है। इसके बाद ज्वार और रागी की उत्पादन लागत क्रमशः 3,206 रुपये प्रति क्विंटल और 3,976 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है।

2025-26 खरीफ मौसम के लिए बाजरा, ज्वार (मलदंडी), ज्वार (हाइब्रिड) और रागी का एम एस पी क्रमशः 2,775 रुपये प्रति क्विंटल, 3,699 रुपये प्रति क्विंटल, 3,749 रुपये प्रति क्विंटल और 4,886 रुपये प्रति क्विंटल है।

खरीफ दालों में तुअर (अरहर), उड़द और मूंग की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 6,839 रुपये प्रति क्विंटल, 6,829 रुपये प्रति क्विंटल और 7,476 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है। 2025-26 खरीफ मौसम के लिए तुअर (अरहर), उड़द और मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 8,000 रुपये प्रति क्विंटल, 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और 8,768 रुपये प्रति क्विंटल है।

2025-26 खरीफ मौसम के लिए तिलहनों में मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल और नाइजरसीड की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत क्रमशः 6,047 रुपये प्रति क्विंटल, 4,638 रुपये प्रति क्विंटल, 6,364 रुपये प्रति क्विंटल, 8,632 रुपये प्रति क्विंटल और 8,025 रुपये प्रति क्विंटल लगाई गई है।

2025-26 खरीफ मौसम के लिए, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और नाइजरसीड का समर्थन मूल्य क्रमशः 7,263 रुपये प्रति क्विंटल, 7,721 रुपये प्रति क्विंटल, 5,328 रुपये प्रति क्विंटल, 9,846 रुपये प्रति क्विंटल और 9,537 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

सी ए सी पी की गणना के अनुसार 2025-26 खरीफ मौसम के लिए कपास की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 6,717 रुपये प्रति क्विंटल है। मध्यम और लंबे रेशे वाली

कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 7,710 रुपये प्रति क्विंटल और 8,110 रुपये प्रति क्विंटल है।

**2025-26 खरीफ विपणन मौसम के लिए फ़सलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और एम एस पी**

| फ़सल | अनुमानित उत्पादन (क्विंटल प्रति हेक्टेयर) | 2025-26 खरीफ विपणन मौसम की अनुमानित उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल) | | | 2025-26 का एम एस पी (रुपये/ क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | *ए2 | **ए2+एफएल | *सी2 | |
| धान (सामान्य) | 44.18 | 1,238 | 1,579 | 2,090 | 2,369 |
| धान (ग्रेड ए) | | | | | 2,389 |
| ज्वार (हाइब्रिड) | 13.6 | 1,859 | 2,466 | 3,206 | 3,699 |
| ज्वार (मालदंडी) | | | | | 3,749 |
| बाजरा | 15.92 | 1,046 | 1,703 | 2,209 | 2,775 |
| रागी | 14.62 | 2,337 | 3,257 | 3,976 | 4,886 |
| मक्का | 38.78 | 1,183 | 1,508 | 1,952 | 2,400 |
| तुअर (अरहर) | 10.83 | 3,848 | 5,038 | 6,839 | 8,000 |
| मूंग | 5.24 | 3,510 | 5,845 | 7,476 | 8,768 |
| उड़द | 6.52 | 3,874 | 5,114 | 6,829 | 7,800 |
| मूंगफली | 17.33 | 4,065 | 4,842 | 6,047 | 7,263 |
| सूरजमुखी के बीज | 9.39 | 4,379 | 5,147 | 6,364 | 7,721 |
| सोयाबीन (पीली) | 13.24 | 3,082 | 3,552 | 4,638 | 5,328 |
| तिल | 5.4 | 3,957 | 6,564 | 8,632 | 9,846 |
| नाइजरसीड | 3.72 | 1,960 | 6,358 | 8,025 | 9,537 |
| कपास (मध्यम रेशा) | 15.51 | 4,130 | 5,140 | 6,717 | 7,710 |
| कपास (लंबा रेशा) | | | | | 8,110 |

**स्रोत:** सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: भुगतान की गई लागत सहित परिवार श्रम का लगाया गया मूल्य और स्वयं की भूमि की किराया मूल्य और निर्धारित पूंजी पर ब्याज